प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

**संचार विभाग**, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस.मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
**Department of Communication**, Central Office, S.B.S.Marg, Fort, Mumbai-400001
फोन/Phone: 022- 22660502

16 मार्च 2022

## सॉवरेन स्वर्ण बॉण्ड योजना (एसजीबी) का समय-पूर्व मोचन – 17 मार्च 2022 को देय समय-पूर्व मोचन के लिए मोचन मूल्य (एसजीबी 2016-17 की श्रृंखला IV)

सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड (एसजीबी) योजना पर भारत सरकार की दिनांक 23 फरवरी 2017 की अधिसूचना एफ.सं.4(16)-डब्ल्यूएंडएम/2016 (एसजीबी 2016-17, श्रृंखला IV- जारी करने की तारीख 17 मार्च 2017) के अनुसार, इस तरह के स्वर्ण बॉण्ड के जारी होने की तारीख, जिस तारीख से ब्याज देय है, से पांच वर्ष के बाद समय-पूर्व मोचन की अनुमति दी जा सकती है। तद्नुसार, उपरोक्त श्रृंखला के समय-पूर्व मोचन की पहली देय तिथि 17 मार्च 2022 होगी।

2. इसके अलावा, एसजीबी का मोचन मूल्य, मोचन की तारीख से पहले के सप्ताह (सोमवार-शुक्रवार) के 999 शुद्धता [इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन लिमिटेड (आईबीजेए) द्वारा प्रकाशित] के साधारण औसत समापन स्वर्ण मूल्य पर आधारित होगा। तद्नुसार, 17 मार्च 2022 को देय समय-पूर्व मोचन के लिए मोचन मूल्य ₹5313/- (पाँच हजार तीन सौ तेरह रुपये मात्र) प्रति एसजीबी यूनिट होगा जो 7-11 मार्च 2022 सप्ताह के लिए साधारण औसत समापन स्वर्ण मूल्य पर आधारित होगा।

**रूपांबरा**
निदेशक (संचार)

**प्रेस प्रकाशनी: 2021-2022/1871**